# स्वराज इंडिया
Evening daily
सच की तह तक...
वर्षः 1 अंकः 79
पृष्ठ -8+4 मूल्य : 2.00 रु.
बुधवार, 20 मार्च-2024
Online edition




सपा से अलग होकर चुनाव लड़ेगी पल्लवी पटेल


2 मिलावटखोरों पर एक्शनः मिलावटी कचरी पकड़ी गई
12 दो मासूम भतीजों को दी दर्दनाक सजा




# दुनिया की तीसरी बड़ी स्टार्टअप पारिस्थिति है भारत




## बोले प्रधानमंत्री मोदी- सही समय पर सही फैसले हुए

### स्टार्टअप महाकुंभ कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भारत की स्टार्टअप पारिस्थितिकी अब सिर्फ मेट्रो शहरों तक ही सीमित नहीं है

**विशेष संवाददाता, स्वराज इंडिया**

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि 1.25 लाख से अधिक स्टार्टअप और 110 यूनिकॉर्न के साथ भारत दुनिया की तीसरी बड़ी स्टार्टअप पारिस्थितिकी के रूप में उभरा है और सही निर्णयों के साथ एक विकसित राष्ट्र बनने का रोडमैप तैयार कर रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी ने यहां %स्टार्टअप महाकुंभ% कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भारत की स्टार्टअप पारिस्थितिकी अब सिर्फ मेट्रो शहरों तक ही सीमित नहीं है, यह अब एक सामाजिक संस्कृति बन चुकी है। इस मौके पर मोदी ने वादा किया कि वह अपने तीसरे कार्यकाल में भारत को दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाएंगे। उन्होंने कहा कि स्टार्टअप भारत की प्रगति में बड़ी भूमिका निभाएंगे।

उन्होंने कहा,स्टार्टअप इंडिया पहल ने नवीन विचारों को मंच दिया और उद्यमियों और उद्यमों को वित्त पोषण से जोड़ा। मोदी ने लोगों की बदलती मानसिकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत के युवाओं ने नौकरी की तलाश करने के बजाय नौकरी देने वाला बनने का रास्ता चुना है। उन्होंने कहा कि 45 प्रतिशत से अधिक भारतीय स्टार्टअप की कमान महिलाओं के पास है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने प्रौद्योगिकी का लोकतंत्रीकरण कर दिया है, लिहाजा इस क्षेत्र में साधन-संपन्न और वंचित का सिद्धांत काम नहीं कर सकता है। मोदी ने कहा कि अंतरिम बजट में अनुसंधान और नवाचार के लिए घोषित एक लाख करोड़ रुपये के कोष से उदीयमान क्षेत्रों को मदद मिलेगी।

## मिलावटखोरों पर एक्शन

# मिलावटी कचरी पकड़ी गई

## 78 कुंतल मिलावटी खाद्य पदार्थ , 21 लाख रुपए का माल सीज



सैंपलिंग के बाद कागज़ी कार्यवाही करते खाद्य सुरक्षा अधिकारी



**विशेष संवाददाता,**
**स्वराज इंडिया**

कानपुर। मिलावटखोरों पर शिकंजा कसने को लेकर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन लगातार छापेमार कार्रवाई कर रही है। होली में मिलावटी खाद्य पदार्थ की खपत होने की सूचना पर टीम ने बडी सफलता हासिल की है। टीम ने अफीमकोठी जीटी रोड स्थित कचरी निर्माण इकाई का औचक निरीक्षण किया। मौके पर बड़ी मात्रा में रंगीन कचरी के 3, बोरेक्स (सुहागा) युक्त रंग के 2, मैदा का 1 तथा नमक का 1 नमूना सहित कुल 7 नमूने कलेक्ट किए गए।




खाद्य सुरक्षा आयुक्त-2 विजय प्रताप सिंह ने बताया कि मौके से 9270 किलो रंगीन कचरी, 62625 किलो मैदा, 6273 किलो नमक, बोरेक्स युक्त पीला रंग 40 किलो, लाल रंग 7 किलो बरामद किया गया। मौके से कुल 78 कुंतल खाद्य पदार्थ सीज किया गया। जिसका अनुमानित मूल्य 21.87 लाख रुपए है। खाद्य पदार्थ की बिक्री पर रोक लगाते हुए पूरे माल को सीज का दिया गया है।

**रिपोर्ट आने के बाद होगी कार्रवाई**

विजय प्रताप ने बताया कि बड़ी मात्रा में मिलावटी माल को जब्त किया गया है। 7 नमूने कलेक्ट किए गए हैं, इनकी रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। होली को देखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग ने मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री को लेकर कड़ी कार्रवाई करेगी। मिलावटी खोया भी बिकने नहीं दिया जाएगा।

## राजस्थान भवन में होली मिलन पर उड़ा गुलाल



कानपुर। कराची खाना स्थित राजस्थान भवन में श्री महिला शिक्षा मंडल के होली मिलन में नंदलाल के भजनों पर झूमीं महिलाओं व बच्चो ने हर किसी को वृंदावन की होली सा अहसास कराया उत्साह के पर्व में शामिल हर भक्त का मन वृंदावन और तन बृजधाम जैसा हो गया वही थीम पर फूल और अबीर की होली हुई एक दूसरे के लगाकर होली की बधाइयां दी आए हुए सभी मंत्र मुक्त हो गए और भजनों पर नृत्य करने को मजबूर हो गए इस अवसर पर सीता, डा. ब्रजबाला सिंघल, नीति गुप्ता, रीता, शैला अग्रवाल, मधु, आर.के गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

## भाई चारे के साथ मनाएं होली का त्योहार

### गजनेर थाना प्रभारी दिलीप कुमार बिंद ने क्षेत्र वासियों से भाई चारे के साथ होली का पर्व मनाने की अपील की

कानपुर। होली एवं लोकसभा चुनाव की दृष्टिगत देखते हुए कल मंगलवार को गजनेर थाना परिसर में शांति सीमित की बैठक की गई। इस पर सभी गांव के सम्मानित व्यक्ति व सम्मानित प्रधान को बुलाकर गजनेर थाना प्रभारी दिलीप कुमार बिंद ने कहा कि लोकसभा चुनाव को देखते हुए बताया कि आचार संहिता का उल्लंघन न करें धारा 144 जिले में लागू है। जो बहुत ही शांतिपूर्ण ढंग से मनाए। सभी धर्म के लोग आपस में मिलजुल कर त्योहार को मनाये। और सभी चौकी प्रभारी को अपने क्षेत्र में गांव में अराजक तत्वों पर नजर रखने का निर्देश दिया गया है। और सभी लाइसेंस असलहाधारी व्यक्ति अपने असलाहों को जमा




कर दे। जिससे कि चुनाव में कहीं कोई गड़बड़ी न होने पाए और आचार संहिता का विशेष ध्यान रखें। पालन न करने पर पुलिस प्रशासन कार्रवाई करेगी।

# उधार पेट्रोल न देना पड़ा महंगा, पंप मालिक को दबंगों ने पीटा



बिठूर थाना क्षेत्र में उधार पेट्रोल ने देने पर बदमाशों ने पंप मालिक को जमकर पीटा। साथ ही, तमंचे की बट से सिर फोड़ दिया। थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह ने बताया तहरीर के आधार रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। एक आरोपी रामजी मिश्रा को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है।




स्वराज इंडिया

कानपुर। कानपुर के बिठूर थाना क्षेत्र में मंधना-बिठूर रोड पर पेट्रोल पंप मालिक को उधार पेट्रोल ने देना महंगा पड़ गया। मंगलवार देर रात दबंगों को कर्मचारियों ने उधार पेट्रोल देने से मना कर दिया। इससे झल्लाये दबंगों ने पेट्रोल पंप मालिक को जमकर पीटा और तमंचे की बट से सिर फोड़ दिया।

पुलिस ने जानलेवा हमले की रिपोर्ट दर्ज कर एक आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जबकि दूसरा आरोपी फरार है। मेन रोड बर्रा-दो अभिषेक शुक्ला का मंधना-बिठूर रोड पर पेट्रोल पंप है। अभिषेक ने बताया चौबेपुर के शादीपुर निवासी रामजी मिश्रा और शिवम पांडेय अक्सर अपने वाहनों में पेट्रोल-डीजल भरवाने आते थे। वहीं, पैसा मांगने पर बाद में देने की बात कहते थे। उधारी बढ़ने पर उन्होंने अपने कर्मचारियों से इन दोनों को पेट्रोल-डीजल देने से मना किया था। इसी बात को जब दोनों मंगलवार रात करीब साढ़े दस बजे पेट्रोल भरवाने आए, तो कर्मचारी ने मना कर दिया। इससे झल्लाये रामजी मिश्रा और शिवम पांडेय ने गालियां बकना शुरू कर दिया।

दूसरे आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस

साथ ही, डंडे से पीटा और रामजी मिश्रा ने सिर पर तमंचे की बट से हमला कर दिया। कर्मचारियों ने बीच बचाव कर अभिषेक की जान बचाई। पिटाई से अभिषेक के सिर पर नौ टांके लगे। बिठूर थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह ने बताया तहरीर के आधार रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। एक आरोपी रामजी मिश्रा को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है। वहीं, दूसरे आरोपी की तलाश की जा रही है।






## गौरैया दिवसः पशु पक्षियों के साथ करें मैत्रीपूर्ण संबंध

स्वराज इंडिया

कानपुर। दयानन्द गर्ल्स कालेज के जंतु विज्ञान विभाग द्वारा विश्व गौरैया दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें परास्नातक की छात्राओं द्वारा एक लघु नाटिका के द्वारा गौरैया तथा अन्य पक्षियों को बचाने का संदेश दिया। छात्राओं के मध्य जागरूकता हेतु डॉ शालिनी शुक्ला द्वारा एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें पक्षियों से संबंधित प्रश्न पूछे गए। विजय छात्राओं को प्राचार्या प्रो अर्चना वर्मा ने प्रमाण पत्र दिए। इस अवसर पर डॉ सुनीता आर्या ने चिड़ियों के विलुप्त होने का कारण वनो की कटाई, अत्याधिक कीट नाशक का प्रयोग, मोबाइल टावर का अत्याधिक उपयोग इत्यादि बताया। गौरैया दिवस का उद्देश्य पशु पक्षियों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध स्थापित करना है। विभाग की इंचार्ज डॉ अन्जली श्रीवास्तव ने धन्यवाद ज्ञापन किया। विभाग की डॉ अमिता श्रीवास्तव, डॉ इषिता पाण्डेय , डॉ रचना सिंह, एवं डॉ कंचन मित्तल ने कार्यक्रम के आयोजन में योगदान दिया। महाविद्यालय की चीफ प्रॉक्टर अर्चना श्रीवास्तव, प्रो .वन्दना निगम, प्रो. मुकुलिका हितकारी, प्रो. सुचेता शुक्ला, इत्यादि उपस्थित रहे।

# प्राथमिक शिक्षकों को मिलेगा जिले में ही समायोजन

## आखिर कब उतरेगा शिक्षकों के स्थानांतरण का बुखार, क्या आदेशों में ही मिलेगी दवा की डोज



**विशेष संवाददाता, स्वराज इंडिया**

कानपुर। परिषदीय विद्यालयों में वर्षों बाद शिक्षकों के जिले में समायोजन की आस जगी है। 30 सितंबर 2023 की छात्र संख्या के आधार पर इस वर्ष मानव संपदा पोर्टल के माध्यम से शिक्षकों के एक विद्यालय से दूसरे विद्यालय में स्थानांतरण किए जाएंगे। बेसिक शिक्षा परिषद के सचिव ने एक आदेश जारी कर जनपद के भीतर समायोजन व स्थानांतरण की पूरी तैयारी करने के निर्देश दिए हैं लेकिन ऐसे निर्देश साल में कई बार जारी होते हैं और शिक्षकों के स्थानांतरण का बुखार कभी उतर नहीं पता है। आदेश रूपी डोज सिर्फ पढ़ने के लिए ही दिए जाते हैं। पिछले करीब 20 वर्षों से बेसिक शिक्षा विभाग में जिले के भीतर समायोजन की प्रक्रिया पूरी नहीं की जा सकी है। इस कारण विद्यालयों में छात्र-छात्राओं के अनुपात में शिक्षकों का बेतरतीब आवंटन की शिकायत लगातार होती रहती हैं। जिले में सैकड़ों स्कूल या तो एकल हैं या बंद की स्थिति में पहुंच गए हैं। शिक्षकों के गैर जनपद स्थानांतरण तथा उनके सेवानिवृत्ति के पश्चात विभिन्न विद्यालय या तो अन्य शिक्षकों को संबद्ध करके या केवल शिक्षामित्र के सहारे संचालित हो रहे हैं। ऐसी स्थिति में जिले के भीतर समायोजन होने से जहां बंद और एकल स्कूलों को शिक्षक मिल सकेंगे वहीं छात्र-छात्राओं के अनुपात में शिक्षक मिलने से बच्चों को गुणवत्तापरक शिक्षा भी मिल सकेगी। शहर के आसपास के विद्यालयों में छात्र संख्या के अनुपात में बहुत अधिक शिक्षक कार्यरत हैं। वहीं दूरदराज के गांवों में छात्र-छात्राओं की संख्या तो अधिक है लेकिन शिक्षक नाममात्र के हैं। इसी व्यवस्था को सही करने के लिए बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से समायोजन प्रक्रिया शुरू की जा रही है। जनपद में बहुत से ऐसे शिक्षक हैं जो अपने घरों से 60 से 70 किमी की दूरी पर सेवाएं दे रहे हैं। ऐसे शिक्षकों को भी समायोजन की प्रक्रिया से लाभ होगा। सचिव बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि एक अप्रैल से शुरू होने वाले नए सत्र की तैयारी के क्रम में यह समायोजन प्रक्रिया पूर्ण की जा रही है। सचिव ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए हैं कि वह समायोजन से पूर्व मानव संपदा पोर्टल पर शिक्षकों के सारे विवरण को शुद्ध करा लें जिससे कि मानव संपदा पोर्टल के माध्यम से समायोजन प्रक्रिया पूरी हो सके और जिले के परिषदीय विद्यालयों में पढ़ रहे लगभग 1 लाख 55 हजार बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके।

बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया का कि जनपद के भीतर शिक्षकों के समायोजन के निर्देश प्राप्त हुए हैं। समायोजन के लिए मानव संपदा पोर्टल पर डाटा अपडेट किया जा रहा है। आगे जैसे भी दिशानिर्देश प्राप्त होंगे उसके अनुसार कार्यवाही की जाएगी।

# मुकदमों में लचर पैरवी पर नगर आयुक्त ने लिया तगड़ा एक्शन

**स्वराज इंडिया**

कानपुर। नगर निगम के नगर आयुक्त शिवशरणअप्पा जीएन द्वारा उच्च न्यायालय में विचाराधीन रिट याचिका में प्रभावी पैरवी सुनिश्चित न किए जाने पर एक्शन लिया है। स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ लिपिक मनोज कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। इसके साथ ही मुख्य नगर स्वास्थ्य अधिकारी संध्या रानी को उक्त याचिका में प्रति शपथ पत्र पर हस्ताक्षर से मना करने पर उनका इस माह का वेतन रोकने एवं उनको कानपुर नगर निगम से अन्यत्र स्थानांतरण किए जाने हेतु प्रमुख सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य उत्तर प्रदेश शासन को पत्र प्रेषित किया गया है साथ ही उसकी प्रति महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य उत्तर प्रदेश को भी पृष्ठांकित की गई है।

नगर आयुक्त ने समस्त विभाग अध्यक्ष एव विभागीय अधिकारी को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि नगर निगम से संबंधित पदों में प्रभावी पैरवी सुनिश्चित न करने पर संबंधित लिपिक के साथ-साथ विभागाध्यक्ष एवं विभागीय अधिकारियों पर भी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी जिसके लिए वह स्वयं दोषी होंगे।





◂◂ प्रभावी पैरवी न किए जाने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई ◂◂ एक लिपिक निलंबित, नगर स्वास्थ्य अधिकारी पर होगी विभागीय कार्यवाही

स्वराज इंडिया

सच कहने का दम....



## विश्वविद्यालयों में असहिष्णुता



जितेंद्र प्रताप सिंह ( वरिष्ठ अधिवक्ता )

गुजरात विश्वविद्यालय परिसर में विदेशी छात्रों की आस्था की सार्वजनिक अभिव्यक्ति को लेकर जो मारपीट हुई, वह भारतीय संस्कृति व मानवीय दृष्टिकोण से भी दुर्भाग्यपूर्ण कही जाएगी। खासकर ऐसे देश में जहां 'वसुधैव कुटुंबकम' और 'अतिथि देवो भव' की अवधारणा को सदियों प्राथमिकता दी जाती रही हो। निश्चित रूप से यह घटनाक्रम देश की छवि को दागदार करने वाला है। अच्छी बात है कि विवाद बढ़ते देख राज्य सरकार ने मामले को गंभीरता से लेते हुए सख्ती बरती है और कुछ लोगों को गिरफ्तार किया। सवाल यही है कि विदेशी छात्रों के साथ ऐसी धार्मिक असहिष्णुता क्यों? आखिर किसी अन्य धर्म के छात्र की आस्था की अभिव्यक्ति पर किसी को प्रतिक्रिया देने की आवश्यकता क्यों पड़ी? निश्चित रूप से शैक्षिक परिसरों में इस तरह की असहिष्णुता का पनपना दुर्भाग्यपूर्ण ही है। रमजान के महीने में विश्वविद्यालय परिसर में सामूहिक रूप से प्रार्थना करना सामान्य बात है क्योंकि वहां कोई उपासना स्थल मौजूद नहीं था। सवाल यह भी है कि बाहरी लोगों के हमला करने पर विश्वविद्यालय का सुरक्षा तंत्र व पुलिस समय रहते सक्रिय क्यों नहीं हो पाये। सवाल देशी-विदेशी छात्रों का नहीं है, लेकिन जब विदेशी छात्रों के मामले में किसी भी तरह की अराजकता फैलायी जाती है तो दुनिया में गलत संदेश जाता है। निस्संदेह, ऐसे घटनाक्रमों से विदेशों में भी भारत की छवि खराब होती है। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि दुनिया के तमाम देशों से विभिन्न धर्मों के छात्र हमारे उच्च शिक्षण संस्थानों में अध्ययन के लिये आते हैं। ऐसे में हमारे विश्व गुरु बनने के दावे का क्या होगा? क्यों फिर विदेशी छात्र भी पढ़ाई को लेकर भारत को अपनी प्राथमिकताओं में रखेंगे।




# गौरैया की चीं चीं यानी पारिस्थितिक तंत्र की मजबूती

विचार की उपज ( देविन्दर शर्मा )



गौरैया को विलुप्त होने से बचाने और इसके प्रति जागरूकता के लिए विश्व में 20 मार्च को गौरैया दिवस के रूप में मनाया जाता है। बढ़ती आबादी के कारण जंगलों का सफाया हो रहा है। शहरी इलाकों में बाग बगीचे खत्म हो रहे हैं, कच्चे मकानों की जगह पक्के मकान बनाए जा रहे हैं। जिस कारण मकानों में गौरैया को अपना घोंसला बनाने के लिए सुरक्षित जगह नहीं मिल रही है। साथ ही साथ गौरैया के लिए प्राकृतिक वातावरण और तापमान के लिहाज से अनुकूल वातावरण नहीं मिल पा रहा है। यह पक्षी अधिक तापमान सहन नहीं कर सकती हैं। शहरों में आधुनिक सोच के कारण जहां गौरैया पर संकट खड़ा हो गया है वही गगनचुंबी ऊंची इमारतें और संचार क्रांति इसके लिए अभिशाप बन गई है। फैक्ट्रियों से निकले केमिकल जहरीले धुएं गौरैया की जिंदगी के लिए सबसे बड़े खतरे बन गए हैं। कार्बन उगलते वाहनों को प्रदूषण मुक्त का प्रमाण पत्र चस्पा कर दिया जाता है लेकिन हकीकत में ऐसा नहीं होता है।आइए हम सब मिलकर एक संकल्प ले कि अपनी प्यारी गौरैया के फुदकन व कलरव को अपने घर आंगन लायेंगे। इसके लिए हमारा छोटा सा ही प्रयास विलुप्त हो रही गौरैया को बचा सकता है।भारत में भी पक्षी वैज्ञानिकों के अनुसार पिछले कुछ सालों में आधुनिक शहरीकरण के युग में संचार माध्यमों के अत्यधिक प्रयोग एवं जनमानस की गौरैया के प्रति उपेक्षा के कारण गौरैया की संख्या में उल्लेखनीय गिरावट आई है। लगातार घटती इसकी संख्या अगर हमने गंभीरता से नहीं लिया तो वह दिन दूर नहीं जब गौरैया हमेशा के लिए हमसे दूर चली जाएगी। पर्यावरण संरक्षण में इसकी खास भूमिका भी होती है। गौरैया खाद्य जाल और पारिस्थितिक संतुलन को बनाए रखते हुए पारिस्थितिक तंत्र में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। बीज, अनाज और लार्वा को खाकर यह पक्षी एक प्रभावी कीट नियंत्रक एजेंट साबित हुआ है। परागण, पौधों के लिए एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, जो गौरैया द्वारा भी की जाती है क्योंकि वे अपने भोजन की खोज के दौरान पौधों के फूलों पर भी जाती हैं और परागकणों को स्थानांतरित करने में भी अप्रत्यक्ष रूप से मदद करती हैं। किसी भी जैविक या पर्यावरणीय परिवर्तन का एक उत्कृष्ट संकेतक, ये पक्षी एक पारिस्थितिकी तंत्र के स्वास्थ्य का भी प्रतिनिधित्व करते हैं। गौरैया एक छोटी चिड़िया है जिसका जीवनकाल 2 से 3 साल का होता है। यह पांच से 6 अंडे देती है। गौरैया प्राकृतिक रूप से मांसाहारी होते हैं लेकिन जब से यह लोगों के करीब रहने लगे हैं तो इनकी अपनी आदतों में बदलाव भी आया है। ब्रिटेन की रॉयल सोसाइटी ऑफ प्रोटेक्शन ऑफ बर्ड्स ने इस चुलबुली एवं चंचल पक्षी को रेड लिस्ट में डाल दिया है। गौरैया की घटती आबादी के पीछे मानव विकास सबसे अधिक जिम्मेदार है। शहरी हिस्सों में इस की 6 प्रजातियां पाई जाती हैं, जिसमें हाउस स्पैरो, स्पेनिश, सिऊंस्पैरो, रसेट, डेड और ट्री स्पैरो शामिल है। यह यूरोप एशिया के साथ-साथ अफ्रीका न्यूजीलैंड ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका के अधिकतर हिस्सों में मिलती है। इसकी प्राकृतिक खूबी है कि यह इंसान की सबसे करीबी दोस्त है। वास्तु शास्त्र के अनुसार घर में गौरैया का घोंसला बनाना सुख समृद्धि के आगमन का संकेत माना जाता है। गौरैया का घोंसला घर के पूर्वी भाग में बनता है तो मान सम्मान में वृद्धि होती है, आग्नेय कोण पर घोंसला बनाने से पुत्र का विवाह शीघ्र होता है, दक्षिण दिशा में घोंसला बनाए जाएं तो धन की प्राप्ति होती है, दक्षिण-पश्चिम कोण का घोषणा बनाए तो परिवार वालों को दीर्घायु देता है। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार पक्षियों को दाना खिलाने से ग्रह दोष कम हो जाते हैं। पशु पक्षियों को ज्वार खिलाने से शुक्र ग्रह की पीड़ा दूर होती है, गेंहू खिलाने से कुंडली में सूर्य की पीड़ा दूर होती है, चावल से मानसिक परेशानियां दूर होकर मानसिक शांति मिलती है।



डा0 विजय कुमार सिंह
( उद्यान अधीक्षक नगर निगम )

### ऐसे बचा सकते हैं अपनी प्यारी गौरैया को

1. अगर गौरैया आपके घर में घोंसला बनाए तो उसे बनाने दे उसे हटाए नहीं।
2. रोजाना अपने आंगन, खिड़की, बाहरी दीवारों पर उनके लिए दाना पानी रखें।
3. गर्मियों में गौरैया के लिए पानी रखें।
4. उनके लिए जूते के डिब्बे प्लास्टिक की बड़ी बोतलों और मटकीयों में छेद कर इनका घर बनाकर उन्हें उचित स्थानों पर लगाएं। आजकल मार्केट में लकड़ी के विभिन्न आकर्षक रूपों में गौरैया का घोंसला भी मिलते हैं जिसको लाकर अपने घर में लगाने से गौरैया की संख्या में वृद्धि की जा सकती है।

गौरैया को विलुप्त होने से बचाने और इसके प्रति जागरूकता के लिए विश्व में 20 मार्च को गौरैया दिवस के रूप में मनाया जाता है। बढ़ती आबादी के कारण जंगलों का सफाया हो रहा है। शहरी इलाकों में बाग बगीचे खत्म हो रहे हैं, कच्चे मकानों की जगह पक्के मकान बनाए जा रहे हैं। जिस कारण मकानों में गौरैया को अपना घोंसला बनाने के लिए सुरक्षित जगह नहीं मिल रही है। साथ ही साथ गौरैया के लिए प्राकृतिक वातावरण और तापमान के लिहाज से अनुकूल वातावरण नहीं मिल पा रहा है। यह पक्षी अधिक तापमान सहन नहीं कर सकती हैं। शहरों में आधुनिक सोच के कारण जहां गौरैया पर संकट खड़ा हो गया है वही गगनचुंबी ऊंची इमारतें और संचार क्रांति इसके लिए अभिशाप बन गई ह

स्वामी,प्रकाशक एवं मुद्रक सपना देवी द्वारा हर्षिता प्रिंटर्स 127/875 साकेत नगर कानपुर नगर से मुद्रित व 119/13 दर्शनपुरवा कानपुर नगर (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित I208012 संपादक—मोहित गुप्ता स्थानीय संपादक- शैलेंद्र पाण्डेय RNI–UPHIN51295 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र कानपुर नगर होगा। Swarajindia2023@gmail.com 7800009853 Website—Swarajindianews.com

# एक्सपोजर विजिट में बच्चों ने देखा शहर का माहौल




**सरवनखेड़ा के परिषदीय विद्यालयों के उच्च प्राथमिक स्तर के 100 छात्र छात्राओं को कराया गया एक्सपोजर विजिट**
**कानपुर में गंगा बैराज, मेट्रो और मोतीझील का देखा नजारा**



**स्वराज इंडिया न्यूज ब्यूरो**

कानपुर देहात। विद्यार्थियों में वैज्ञानिक चिन्तन उत्पन्न करने, आधुनिक टेक्नोलॉजी से परिचित कराने एवं नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और भाईचारे की भावना का विकास करने के उद्देश्य से परिषदीय स्कूलों के बच्चों को एक्सपोजर विजिट कराया गया।

मंगलवार को विकासखंड सरवनखेड़ा के परिषदीय विद्यालयों के उच्च प्रथामिक स्तर के 100 छात्र छात्राओं को एक्सपोजर विजिट हेतु खंड शिक्षा अधिकारी अजीत प्रताप सिंह द्वारा बीआरसी परिसर से रवाना किया गया। एक्सपोजर विजिट पर जाने से पूर्व सभी छात्र छात्राओं का रजिस्ट्रेशन किया गया एवं उनके अभिभावकों से सहमत पत्र लिया गया। छात्र छात्राओं की देखरेख के लिए विपिन त्रिवेदी, अनीता तोमर, रश्मि सिंह, प्रीती त्यागी, रूपी त्रिपाठी, अजय यादव की ड्यूटी लगाई गई। बच्चों को पेन, नोडपैड, बैग, कैप एवं टी शर्ट्स प्रदान की गई।

बच्चों ने सबसे पहले पारले जी प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड की स्वाति बिस्किट मैन्युफैक्चरिंग कम्पनी दादा नगर पनकी का विजिट किया। कम्पनी के एजुकेशन कोऑर्डिनेटर प्रदीप मिश्रा ने सभी बच्चों का स्वागत किया। उन्होंने छात्र छात्राओं को बिस्किट कैसे बनता है इसके बारे मे बताया कि आप सभी देख रहे हैं

यहां पर सारा काम ऑटोमेटिक मशीनों द्वारा किया जा रहा है। बिस्किट को 300 डिग्री तापमान पर पकाया जाता है। उन्होंने कहा की पफिंग से बिस्किट को पूरा तैयार होने तक 3 मिनट 30 सेकंड लगते हैं। छात्र छात्राओं ने पारले जी बिस्किट को बनते हुए देखा और अपनी जिज्ञासाओं को शांत किया।

कंपनी के कोऑर्डिनेटर ने सभी बच्चों को पारले जी बिस्किट एवं टाफियां दी। कोऑर्डिनेटर ने बच्चों को बताया कि टाफी और कैंडी में क्या अंतर होता है। उन्होंने कहा कि टॉफी को कम तापमान पर गर्म किया जाता है और कैंडी को अधिक तापमान पर गर्म किया जाता है। उसके बाद छात्र छात्राओं ने कानपुर मेट्रो ट्रेन में बैठकर लुफ्त उठाया। बच्चे लिफ्ट में बैठकर बहुत प्रफुल्लित हुए। सभी बच्चों ने गुरुदेव मेट्रो स्टेशन से उतरकर गणेश रेस्टोरेंट में बैठकर भोजन किया। उसके बाद बच्चे सभी गंगा बैराज पहुंचे वहां पर उन्होंने देखा कि किस प्रकार से नदी मे डैम बनाकर बाढ़ आने से रोका जा सकता है और नहरों को निकाल कर सूखाग्रस्त क्षेत्र में सिंचाई का साधन उपलब्ध कराया जा सकता है। बच्चों को घूमने एवं वहां पर जानकारी प्रदान करने के लिए एआरपी रुचिर मिश्रा, संजय शुक्ला एवं ऋषभ बाजपेई को दायित्व सौंपा गया। एक्सपोजर विजिट मे प्रदीप, प्रिया, साहू, गौरी, आदर्श, खुशी, रिया, रागनी, काजल, कृष्णा, संगम आदि ने प्रतिभाग किया।



# पहले मतदान, फिर जलपान..




## नेहरू युवा केंद्र कानपुर युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा गांवों में चलाए जा रहे हैं जागरूकता अभियान

**स्वराज इंडिया**

कानपुर। नेहरू युवा केंद्र कानपुर युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार जिला युवा समन्वयक अधिकारी अधिकारी कानपुर नगर के तत्वावधान में बिधनू ब्लॉक के ग्राम पलरा में मतदाता जागरूकता रैली रैली का आयोजन किया गया। युवाओं ने लोगों को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए जागरूक किया एवं रैली के माध्यम से 100त्न मतदान करने के लिए युवाओं ने लोगों को जागरूक किया। नारो के माध्यम से युवाओं ने लोगों को जागरुक करते हुए कहा पहले मतदान फिर जलपान, छोड़ो अपने सारे काम पहले मतदान, बालिकाओं ने रंगोली बनाकर लोगों को जागरूक किया एवं निबंध प्रतियोगिता के माध्यम युवाओं ने अपनी-अपनी प्रतिभा दिखाई जिसमें प्रथम स्थान में रूपाली साहू द्वितीय स्थान रूपांशी प्राप्त किया। डीआरपी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य योगेंद्र प्रताप सिंह ने मैडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में निम्नलिखित लोग उपस्थित रहे। आजाद युवा समिति अध्यक्ष भोला कुशवाहा, योगेंद्र प्रताप सिंह, सचिन साहू, राकेश दिवाकर,दिनेश चतुर्वेदी, संजय कुशवाहा, रवि शर्मा आज लोग कार्यक्रम में उपस्थित रहे

## संघ के महामंत्री रमाकांत मिश्रा की अगुवाई में मेयर प्रमिला पांडे को दिया गया ज्ञापन

**स्वराज इंडिया**

कानपुर। नगर निगम कर्मचारी संघ कानपुर के बैनर तले आगामी त्योहार एवं होली, गंगा मेला को देखते हुए नियमित कर्मचारियों को वेतन, पेंशन एवं संविदा, आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को होली से पहले वेतन दिए जाने की मांग महापौर श्रीमती प्रमिला पांडे एवं मुख्य वित्त लेखा अधिकारी कृपानंद शुक्ला के कार्यालय में की गई।

संघ के महामंत्री रमाकांत मिश्रा ने बताया की सरकार ने त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए राज वित्त आयोग जो वेतन के मद में है लगभग 54 करोड रुपए वेतन, पेंशन के मद में शासनादेश जारी कर दिया है



# होली के वेतन पर नहीं चाहिए 'मीठी गोली'



और बैंक भी मात्र 3 दिन खुला हुआ है इसलिए संघ की मंशा है की त्यौहार के पहले वेतन पेंशन दे दिया जाए ताकि आम कर्मचारी हर्षोल्लास से होली/ रमजान मना सके।

ज्ञापन दिए जाने में प्रमुख रूप से देवीदीन भाऊ, रमाकांत मिश्रा, चौधरी गोपाल, राजू पवन, मुन्ना हजारिया, मुन्ना पहलवान, नीलू निगम, संजय हजारिया, पंकज शुक्ला, राम सिंह, बेनीहटी, अकील मसूद, सर्वेश मिश्रा, जमुना सिंह, दिनेश गुप्ता आदि लोग प्रमुख रूप से उपस्थित थे।



# भव्य रंगोत्सव सीजन 8 का हुआ आयोजन

## गार्गी महिला फाउंडेशन की ओर से किया आयोजन

**स्वराज इंडिया**

कानपुर। गार्गी महिला फाउंडेशन के तत्वाधान में भव्य रंगोत्सव सीजन 8 का आयोजन किया गया जिसमें फूलों की होली और महिलाओं के द्वारा अंताक्षरी खेली गई सभी ने रंग बिरंगे व्यंजनों का लुफ्त उठाया वही सुषमा चौहान ने बताया की एक-दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई दी और कानपुर की होली का एक अलग ही अंदाज है जिसे हम लोग बड़े हर्ष उल्लास के साथ मनाते हैं वही महिलाओं ने कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया जहां कई गेम खेले गए वहीं महिलाओं ने होली के गानों पर खूब नृत्य और गायन किया गया जहां इस अवसर पर भारती दीक्षित,डॉ.शिप्रा श्रीवास्तव,डॉ.विजय तिवारी,आरती दीक्षित,लवली गुप्ता,रश्मि पांडे,पूजा मोदी,पूजा श्रीवास्तव,अलका जोशी,पूजा जोशी आदि लोग मौजूद रही।



सभी फोटो ग्राफ स्वप्निल तिवारी की नजर से



## विधायक महेश त्रिवेदी का मनाया जन्मदिन

### किसान मोर्चा के मंडल महामंत्री डॉ. समरदीप पांडेय ने मनाया जन्मदिन

**स्वराज इंडिया**

कानपुर । भारतीय जनता पार्टी किदवई नगर विधानसभा के लोकप्रिय विधायक महेश त्रिवेदी का जन्मदिन जूही मंडल किसान मोर्चा के मंडल महामंत्री डॉक्टर समरदीप पांडेय ने अपने किसान मोर्चा के साथियों के साथ उनके निज निवास पर अंग वस्त्र पहनाकर माल्यार्पण मनाया । मोती की माला पहनाकर केक काटकर जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। जिसमें उपस्थित रहे किसान मोर्चा के जिला कार्यकारिणी सदस्य अवध बिहारी अवस्थी, मंडल अध्यक्ष जसपाल भगत, उपाध्यक्ष धीरज त्रिपाठी, वरिष्ठ नेता दिलीप सिंह वार्ड अध्यक्ष विनय मालवीय डॉ बृज मिश्रा आदि लोग उपस्थित रहे।






## पूर्व सांसद राजाराम पाल ने लोगो से अपील किया है कि सभी साथी एकजुट होकर 2024 लोकसभा निर्वाचन में भाग लें

स्वराज इंडिया

कानपुर। अकबरपुर लोकसभा के अंतर्गत बिठूर विधानसभा के सपा नेता एवं समाजसेवी बलराम सिंह यादव के कार्यालय प्रतापपुर हरी सिंहपुर में बैठक का आयोजन हुआ ।जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद राजाराम पाल पहुंचे। पूर्व सांसद ने लोगो से अपील किया कि सभी साथी एकजुट होकर 2024 लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक वोटों से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को जिताकर इस तानाशाही,संविधान विरोधी,किसान विरोधी, नौजवान विरोधी सरकार को सत्ता से बाहर करे।



# कानपुर कारागार: होली पर कैदियों के लिए दी गई पिचकारी और गुलाल




स्वराज इंडिया

कानपुर। उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति के चेयरमेन डॉक्टर उमेश शर्मा के निर्देश अनुसार महिला मंडल सचिव अंजू भाटिया के नेतृत्व में कानपुर नगर के पदाधिकारीयों द्वारा जिला कारागार के जेल अधीक्षक डा0 बी.डी. पांडे से मुलाकात की। होली के शुभ अवसर पर कैदियों के लिए गुलाल, पिचकारी, साबुन, फरूटी आदि सामग्री प्रदान की गयी ।

जिसमे प्रमुख रूप से अंजू भाटिया ,सुजाता देव, प्रीति मेहरोत्रा, अरुण राठौर, वैभव पांडेय, अनिल पूरी चेतन , किरण ,अंजली सिंह, रुचि मिश्रा, दीपक त्रिपाठी, अनिता सिंघानिया, शोभा मेहरोत्रा आदि पदाधिकारी मौजूद थे ।






# मतदाता जागरूकता कार्यक्रम 'स्वीप' का हुआ आयोजन

## मतदान के प्रति जागरूकता उत्पन्न किये जाने हेतु उसरी प्राथमिक विद्यालय में पहुंची सीडीओ

स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार को रसूलाबाद विकासखंड के ग्राम उसरी में मतदान जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जनपद की मुज़्य विकास अधिकारी लक्ष्मी एन., जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रिद्धी पाण्डेय, एडिशनल डीआईओएस रति वर्मा द्वारा प्राथमिक विद्यालय उसरी में बच्चों तथा स्वयं सहायता समूह की महिलाओं एवं समस्त ग्रामवासियों के साथ मतदान जागरूकता रैली निकालकर ग्रामवासियों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया

**स्वराज इंडिया**

कानपुर देहात। स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार को रसूलाबाद विकासखंड के ग्राम उसरी में मतदान जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जनपद की मुख्य विकास अधिकारी लक्ष्मी एन., जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रिद्धी पाण्डेय, एडिशनल डीआईओएस रति वर्मा द्वारा प्राथमिक विद्यालय उसरी में बच्चों तथा स्वयं सहायता समूह की महिलाओं एवं समस्त ग्रामवासियों के साथ मतदान जागरूकता रैली निकालकर ग्रामवासियों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया ।प्रधानाध्यापिका पारुल निरंजन द्वारा मतदान गीत द्वारा ग्रामवासियों को जागरूक किया गया तत्पश्चात अधिकारियों द्वारा प्राथमिक विद्यालय उसरी का भ्रमण कर विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता को जाँचा गया। प्राथमिक विद्यालय उसरी के बच्चों ने मुख्य विकास अधिकारी के समक्ष मतदान जागरूकता संबंधित गतिविधियां प्रस्तुत की जिसे मुख्य विकास अधिकारी द्वारा अत्यंत हर्षपूर्वक सराहा गया। बच्चों की शैक्षिक गुणवत्ता को देखकर भी सीडीओ द्य प्रसन्नचित हो गई और प्रधानाध्यापिका पारुल निरंजन की कार्यशैली की प्रशंसा करते हुए सदैव इसी तरह अर्जित एवं स्फूर्तित होकर कार्य करने के लिए कहा। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रिद्धी पाण्डेय द्वारा भी प्रत्येक कक्षा के बच्चों का शैक्षणिक स्तर परखा गया। बच्चों ने बीएसए के प्रश्नों का त्वरित गति में उत्तर देकर सभी का दिल जीत लिया। बेसिक शिक्षा अधिकारी ने उसरी विद्यालय के समस्त स्टॉफ की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए प्रधानाध्यापिका पारुल निरंजन को उनके सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ कुशल विद्यालय प्रबंधन तथा टीम भावना से कार्य करने के लिए पीठ थप थपाकार प्रशंसा की। बीएसए ने कक्षा 4 के बच्चों से समस्त जनपदों के नाम पूछे जिस पर छात्रा सिद्धि राय, कुबेर, मानवी ने अपने उत्तरों से बीएसए को प्रसन्न कर दिया। कक्षा एक और दो के बच्चों अवनि, रश्मि, ऋषि, अंशी, अंश, नव्या आदि द्वारा त्वरित गति से पुस्तक पठन देख सीडीओ ने प्रसन्न होकर सभी बच्चों को पुरस्कृत किया।

विद्यालय स्टॉफ में रीना शर्मा, प्राची तिवारी, अरुणा शर्मा, लवी, गीता, पिंटू सिंह सभी की बीएसए द्वारा प्रशंसा की गयी तथा इसी तरह कर्मठता के साथ कार्य करने हेतु प्रेरित किया गया।



# लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान सबसे बड़ा हथियार:डीएम

## जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने मतदाताओं से आह्वान किया कि भारतवर्ष में लोकतंत्र शासन प्रणाली है। यहां मतदाता ही भाग्य विधाता हैं



**विशेष संवाददाता, स्वराज इंडिया**

औरैया। लोकतंत्र के महापर्व पर जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने मतदाताओं से आह्वान किया कि भारतवर्ष में लोकतंत्र शासन प्रणाली है।उसका मुख्य आधार मतदाता है तथा एक जिम्मेदार,मजबूत और जागरूक शासन प्रणाली के लिए मतदाता निर्भीक होकर लोकतंत्र की मजबूती के लिए शत-प्रतिशत मतदान करें।औरैया जनपद में आगामी लोकसभा का चुनाव 13 मई को होने जा रहा है।जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने बताया कि हमारे पूर्वजों ने स्वराज का सपना देखा था।उनकी सोच थी कि हमारी चुनी हुई सरकार हो और सब उस पर शासन करें।स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदान को व्यर्थ नहीं जाने देना है।उन्होंने कहा कि ऐसे प्रत्याशियों का मतदाताओं को चयन करना चाहिए,जो विकास के प्रति सजग हो।मतदाता लोकसभा चुनाव में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाये।जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने स्पष्ट किया कि जनपद के सभी अधिकारी और कर्मचारी निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव के लिए संकल्पबध्द है।प्रत्याशी और उनके समर्थक आपस में किसी भी प्रकार की मनमुटाव न रखें।कोई अप्रिय हरकत न करें।पुलिस और प्रशासन पूरी तरह सजग है।आगामी लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराने के लिए पर्याप्त मात्रा में अत्याधुनिक हथियारों से लैस सुरक्षा बल उपलब्ध रहेगा।चुनाव में मतदाताओं को प्रलोभन देने वालों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी।

# सरकारी दफ्तरों से राजनीतिक फोटो-पोस्टर हटाने के निर्देश जारी

**स्वराज इंडिया**

भारत निर्वाचन आयोग ELECTION COMMISSION OF INDIA

लखनऊ। चुनाव आचार संहिता लागू हो गई है। ऐसे में योजनाओं के प्रचार में लगी राजनीतिक लोगों की फोटो, नाम हटाए जाने का आदेश अपर मुख्य सचिव जितेंद्र कुमार ने समस्त विभागों के विभागाध्यक्षों एवं जिलाधिकारियों को दिया है। राष्ट्रपति एवं राज्यपाल की तस्वीर के अतिरिक्त अन्य समस्त राजनेताओं की तस्वीरें सभी जगह से हटाई जाएगी। आदेश के बाद से सक्रिय विभाग के कर्मचारी होर्डिंग्स से फोटो और नाम हटाने में लग गए हैं। वहीं जनपद में पोस्टर-बैनर हटाने का कार्य चल रहा।

विभाग से संबंधित योजनाओं में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, संबंधित विभाग के मंत्री और नेताओं के फोटो लगे हैं। इन्हें हटाने के लिए डीएम ने आदेश पहले ही दे दिया है। डीएम के आदेश के अनुसार राजनीतिक दृष्टिकोण से किसी भी प्रकार का स्लोगन, प्रचार, सामग्री, बैनर, पैंफलेट, पोस्टर एवं फोटो आदि प्रदर्शित नहीं होगा। किसी भी विभाग की योजनाओं में राजनीतिक व्यक्ति की फोटो लगी मिलने पर कार्यवाही की जाएगी।



# दो मासूम भतीजों को दी विक्षिप्त ने दर्दनाक सजा



## भाभी से झगड़े का ननद ने लिया बदला

**स्वराज इंडिया न्यूज ब्यूरो**

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले से डबल मर्डर का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। जहां एक बुआ ने अपने 2 भतीजों की बेरहमी से हत्या कर दी। इस घटना से पूरे इलाके में हड़कंप मचा हुआ है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों बच्चों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया जा रहा है कि आरोपी बुआ मानसिक रूप से विक्षिप्त है।घटना जिले के मेजा थाना क्षेत्र के हरगढ़ गांव की है। जहां के निवासी संजय के 2 बच्चों लकी (5) और अभि (3) की बेरहमी से हत्या कर दी गई। संजय की बहन पूजा ने वारदात को अंजाम दिया है। बताया जा रहा है कि पूजा करीब पिछले 10 साल से मानसिक रूप से बीमार है। मामूली सी बात को लेकर पूजा की अपनी भाभी पार्वती से झगड़ा हो गया। इसी बात से गुस्साई पूजा ने अपने भतीजों की बेरहमी से हत्या कर दी। वहीं, जब इस बात की जानकारी बच्चों के परिजनों को हुई तो वह आनन-फानन में बच्चों को अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

## बच्चों का हत्यारा आरोपी पुलिस मुठभेड़ में ढेर




- पुलिस के द्वारा शीघ्र कार्रवाई से जनता में विश्वास बढ़ा,
- घटना की सूचना पर तत्काल पहुंचे आईजी बरेली
- एडीजी पीसी मीणा ,आईजी डॉ राकेश सिंह स्वयं बदायूं में कैंप किए हुए हैं

आरोपी को पुलिस मुठभेड़ में ढेर कर आम जनमानस में पुलिस मौजूद व कार्रवाई का एहसास दिलाया। कार्रवाई करते हुए लॉ एंड ऑर्डर बहाल किया आज



**स्वराज इंडिया**

बदायूं । आईजी बरेली डॉ राकेश सिंह के कुशल मार्गदर्शन में एसएसपी बदायूं आलोक प्रियदर्शी डीएम मनोज कुमार के नेतृत्व में बदायूं में डबल मर्डर केस में जनपद के पुलिस फोर्स ने घटना के बाद तुरंत एक सुबह शहर में आईजी डॉक्टर राकेश सिंह के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकला

आपको बताते चलें मंडी समिति चौकी के पास बाबा कॉलोनी में कल 2 बच्चों आयुष और अहान की आरोपी साजिद ने बेरहमी से हत्या कर दी गई थी।

## सखानू में घर बंद, जावेद की तलाश में तीन टीमों का गठन

दो बच्चों की हत्या में नामजद सखानू निवासी जावेद की तलाश एसओजी के अलावा तीन पुलिस टीमें बनाईं गईं है। जावेद की तलाश में टीमें जुट गईं है। सखानू में आरोपियों के घर खाली पड़े हैं और परिजन भी भाग गए हैं।

### पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचीं सांसद

बदायूं शहर की बाबा कॉलोनी में दो बच्चों की हत्या के बाद मंगललार को रात भर गुस्से की आग सुलगती रही। तनावपूर्ण माहौल है। चप्पे-चप्पे पर पुलिस-पीएसी और अर्ध सैनिक बल तैनात हैं। पुलिस अधिकारी लगातार हालात की अपडेट ले रहे हैं। पुलिस ने आरोपियों के चाचा और पिता को हिरासत में लिया है। पुलिस उनसे पूछताछ में जुटी है। उधर, बुधवार को सांसद संघमित्रा मौर्य पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचीं। उन्होंने परिजनों को ढांढस बंधाया और हर संभव मदद का भरोसा दिलाया।





यूपी मे एक और लव स्टोरी का दुःखद अंत हो गया। झाँसी के रक्सा इलाके मे अंकुश प्रजापति और साक्षी अहिरवार का प्रेम प्रसंग चल रहा था। दोनों ने कोर्ट मैरिज भी कर ली थी.. मगर समाज ने इस रिश्ते को नहीं स्वीकारा.. परेशान आकर साक्षी ने जहर का सेवन करके सुसाइड कर लिया.. यह खबर अंकुश को लगी तो उसने कमरे मे फांसी लगाकर जान दे दी...!!